RNI NO Title Code-UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

# नवयुग समाचार

वर्ष-3 अंक-170
बहराइच,बुधवार
26 जून 2024
पृष्ठ-4 मूल्य 2.00

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, म.प्र., बिहार में प्रसारित

## प्रदेश के तीन नए शहरों में शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

लखनऊ। नगर निगमों की तर्ज पर अब नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में स्वकर निर्धारण प्रणाली लागू होगी। यानि अब छोटे शहरों में भी गृहकर का वसूली अनिवार्य कर दी गई है। साथ ही शहरी सीमा में शामिल गांवों में पांच साल तक या विकास होने तक हाउस टैक्स नहीं लिया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। यह व्यवस्था नगर विकास विभाग द्वारा अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभावी होगी। नगर विकास विभाग के प्रस्ताव के मुताबिक इस कर प्रणाली के लागू होने के बाद नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में रहने वाले लोग भी अपने घर का गृहकर खुद निर्धारित कर सकेंगे। अब तक यह कर प्रणाली सिर्फ नगर निगम वाले शहरों में ही लागू थी। बता दें कि इस समय प्रदेश में कुल 762 निकाय हैं। इनमें 17 नगर निगम, 200 पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतें हैं। नगर निगमों में अनिवार्य रूप से हाउस टैक्स वसूली के लिए तो नियमावली है, लेकिन नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में इसके लिए कोई नियमावली



नहीं थी। इस वजह से पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में गृहकर की वसूली अनिवार्य रूप से नहीं हो पा रही है। वहीं, नियमावली न होने से निकाय अध्यक्ष बोर्ड की मंजूरी से हाउस टैक्स वसूली में मनमाना छूट भी देते रहे हैं। नगर विकास विभाग का कहना है कि अमृत-दो के लिए केंद्र द्वारा जारी दिशा-निर्देश में सभी श्रेणी के नगर निकायों में गृहकर वसूली को अनिवार्य किया गया है। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 15वें वित्त आयोग की राशि देने के लिए भी न्यूनतम फ्लोर दर अधिसूचित किया है। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में हाउस टैक्स वसूली के लिए नियमावली न होने से केंद्रीय वित्त आयोग की राशि नहीं मिल पा रही है। इसलिए भी छोटे शहरों के लिए नियमावली बनाने की जरूरत है। प्रदेश में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के तहत कार्यरत विद्युत निरीक्षक अब डिप्लोमाधारी भी नियुक्ति हो सकेंगे। अभी तक सिर्फ स्नातक डिग्रीधारी ही इस पद के योग्य माने जाते थे। मंगलवार को इस आशय के प्रस्ताव को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई।केंद्र सरकार की ओर से सुरक्षा संबंधी अधिनियम में बदलाव किया गया है। इसके तहत उत्तर प्रदेश मुख्य विद्युत निरीक्षक और विद्युत निरीक्षकों की अर्हताएं, शक्तियां और कृत्य नियमावली 2024 बनाई गई। इसे मंगलवार को कैबिनेट में रखा गया, जिसे मंजूरी दे दी गई है। इस नियमावली में नियुक्ति के नियमों में बदलाव किया गया है। निरीक्षक पद अभी तक इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्रीधारियों को ही लिया जाता था। अब डिप्लोमा डिग्रीधारी भी कुछ अनुभव के साथ इस पद के लिए योग्य माने जाएंगे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि इस नई व्यवस्था में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के खाली पदों को जल्द से जल्द भरा जा सकेगा।

### लखनऊ, प्रयागराज व कपिलवस्तु में हेलीकॉप्टर सेवा जल्द

प्रदेश में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार प्रमुख पर्यटन व धार्मिक स्थलों पर हेलीकॉप्टर सेवा शुरू कर रही है। लखनऊ, प्रयागराज व कपिलवस्तु में जल्द हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की तैयारी है। कैबिनेट ने मंगलवार को इन तीनों जगहों पर हैलीपैड को पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित व संचालित करने पर सहमति दे दी है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अभी आगरा और मथुरा में हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई है। यहां पर हैलीपैड को पीपीपी मोड पर चलाया जा रहा है।

## लोकसभा में राहुल गांधी होंगे विपक्ष के नेता

### खरगे के आवास पर हुई विपक्षी नेताओं की बैठक में फैसला

नई दिल्ली कांग्रेस नेता राहुल गांधी 18वीं लोकसभा में विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी निभाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर मंगलवार को हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। बाद में इसका कांग्रेस की तरफ से एलान किया गया। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को एक चिट्ठी भेज कर उन्हें पार्टी के इस फैसले से अवगत कराया है। गौरतलब है कि राहुल गांधी पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। बताया गया है कि खरगे के आवास पर हुई बैठक में विपक्ष के कई बड़े नेता शामिल हुए थे।

इनमें राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के हनुमान बेनीवाल। राकांपा-शरदचंद्र पवार की सुप्रिया सुले शामिल थीं। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एलान किया कि लोकसभा में राहुल गांधी विपक्ष के नेता होंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली



और केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। वे दोनों ही सीटों पर विजयी रहे। हालांकि, बाद में उन्होंने रायबरेली सीट को अपने पास रखने का फैसला किया और वायनाड सीट छोड़ दी। उन्होंने मंगलवार को ही लोकसभा सदस्यता की शपथ ली। राहुल गांधी को लोकसभा में नेता विपक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ह्यह्य18वीं लोकसभा में लोकसभा सही मायनों में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगी। राहुल गांधी उनकी आवाज बन रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में मुझे विश्वास है कि एक नेता जिन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक और मणिपुर से महाराष्ट्र तक पूरे देश का दौरा किया है, वह लोगों विशेषकर हाशिए पर रहने वाले और गरीबों की आवाज उठाएंगे। कांग्रेस पार्टी न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के अपने शाश्वत सिद्धांतों को कायम रखते हुए लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। भाजपा ने हाल ही में 543 सदस्यीय लोकसभा के लिए हुए चुनावों में 240 से ज्यादा सीटें जीतीं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में अपने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। विपक्षी दलों के घटक दलों में कांग्रेस ने सबसे अधिक 99 सीटें हासिल कीं।

## 18 यात्रियों को लिए बिना ही उड़ गई इंडिगो की फ्लाइट, हंगामा करने पर बस से भेजा गया

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट अमौसी पर इंडिगो की फ्लाइट बिना 18 यात्रियों को लिए उड़ गई। सभी यात्री देहरादून से वाराणसी जा रहे थे। लखनऊ में यात्रियों को उतार कर इंडिगो की फ्लाइट उन्हें लिए बिना ही वाराणसी रवाना हो गई। कनेक्टिंग फ्लाइट के 18 यात्री लखनऊ में छूट गए। जब पता चला कि उनकी फ्लाइट जा चुकी है तो एयरपोर्ट पर खूब हंगामा किया। इन यात्रियों को एयरलाइंस ने रात में बस से वाराणसी भेजा। जिनकी फ्लाइट छूटी वे सभी यात्री देहरादून से लखनऊ आए थे। इन यात्रियों ने कनेक्टिंग उड़ान ली थी। यानी देहरादून से लखनऊ की इंडिगो उड़ान से आने के बाद आगे यहां से वाराणसी जाना था। मंगलवार को देहरादून की उड़ान खराब मौसम की वजह से काफी लेट हो गई। जब यह लखनऊ पहुंची तब तक इंडिगो की लखनऊ-वाराणसी फ्लाइट उड़ान भर चुकी थी।

## आबकारी नीति केस में बढ़ी केजरीवाल की मुश्किल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक ही दिन में दो झटके लगे हैं। पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी निचली अदालत से मिली जमानत पर रोक लगा दी और अब सीबीआई द्वारा उन पर गिरफ्तारी की तलवार लट गई है। दरअसल सोमवार को सीबीआई ने आबकारी नीति से जुड़े मामले में उनसे पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए।


अब अदालत में पेश करने के लिए रिमांड की अर्जी लगाई है। इसके बाद माना जा रहा है कि उनको गिरफ्तार किया जा सकता है क्योंकि हिरासत में लेकर पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार करना जरूरी होगा। हालांकि कुछ टीवी मीडिया पर उनकी गिरफ्तारी की भी खबर चल रही है। लेकिन अभी तक सीबीआई द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। बता दें कि उनकी गिरफ्तारी को लेकर आप के राज्यसभा सांसद पहले ही अंदेशा जता रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीबीआई केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाली है। एक वीडियो एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ भाजपा की केंद्र सरकार बड़ी साजिश कर रही है। सरकार अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा फर्जी केस में गिरफ्तार करने की साजिश रच रही है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने सीबीआई के अधिकारियों के साथ बड़ी साजिश रची है। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आवेदन को स्वीकार कर लिया। अदालत ने कहा अवकाश न्यायाधीश ने विवादित आदेश पारित करते समय रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री/दस्तावेजों और ईडी द्वारा उठाए गए तर्कों और धारा 439(2) के तहत याचिका में उठाए गए कथनों/आधारों का उचित मूल्यांकन नहीं किया, जिस पर उक्त याचिका पर विचार करते समय गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने ट्रायल जज की इस टिप्पणी पर आपत्ति जताई कि पूरे विशाल रिकॉर्ड का अवलोकन नहीं किया गया। उच्च न्यायालय ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी पूरी तरह से अनुचित है और यह दर्शाती है कि ट्रायल कोर्ट ने सामग्री पर अपना ध्यान नहीं लगाया है। उच्च न्यायालय ने ईडी की इस दलील को भी स्वीकार किया कि ट्रायल जज ने मामले को प्रस्तुत करने के लिए उसे उचित अवसर नहीं दिया। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने कहा यह समझ में नहीं आता है कि एक तरफ अवकाश न्यायाधीश ने विवादित आदेश पारित करते समय हजारों पृष्ठों वाले संपूर्ण दस्तावेजों को देखने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है और दूसरी तरफ कैसे फैसले में अवकाश न्यायाधीश ने उल्लेख

सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई से पहले ये साजिश की जा रही है। ताकि केजरीवाल को जमानत न मिल सके। अदालत ने कहा कि अवकाश न्यायाधीश ने ईडी की पूरी सामग्री पर गौर किए बिना ही जमानत आदेश पारित कर दिया जिससे इसमें विकृतियां झलकती हैं। अदालत ने कहा केजरीवाल की जमानत पर नियमित पीठ सुनवाई करेगी।



किया है कि पक्षों की ओर से उठाए गए प्रासंगिक तर्कों और विवादों से निपटा गया है। न्यायाधीश को विवादित आदेश में इस तरह की टिप्पणी करने से बचना चाहिए उच्च न्यायालय ने आगे कहा कि निचली अदालत ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 45 के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों पर दलील को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं किया। न्यायालय ने ईडी द्वारा पेश की गई दलीलों में तथ्यात्मक बल पाया कि अवकाश न्यायाधीश ने रिकॉर्ड पर मौजूद संपूर्ण सामग्री पर उचित विचार करने के बाद जमानत आदेश पारित नहीं किया। विवादित आदेश में अवकाश न्यायाधीश द्वारा की गई टिप्पणी अनावश्यक, अनुचित और संदर्भ से बाहर है। अवकाश न्यायाधीश को विवादित आदेश में इस तरह की टिप्पणी करने से बचना चाहिए। अवकाश न्यायाधीश को विवादित आदेश पारित करते समय हर महत्वपूर्ण और प्रासंगिक दस्तावेज पर विचार करना आवश्यक था। अदालत ने आगे कहा कि अवकाश न्यायाधीश ने ईडी द्वारा लिखित नोट में उल्लिखित मुद्दों पर विचार नहीं किया, जिसे ट्रायल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इसने कहा कि प्रत्येक अदालत का दायित्व है कि वह अदालत के समक्ष अपने संबंधित मामले का प्रतिनिधित्व करने के लिए पर्याप्त और उचित अवसर दे और ईडी को अवकाश न्यायाधीश द्वारा जमानत आवेदन पर तर्कों को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए था। इसके अलावा, अदालत ने कहा कि अवकाश न्यायाधीश जमानत आदेश पारित करते समय पीएमएलए की धारा 45 की आवश्यकता पर चर्चा करने में विफल रहे। अदालत ने कहा कि ट्रायल कोर्ट को विवादित आदेश पारित करने से पहले कम से कम पीएमएलए की धारा 45 की दो शर्तों की पूर्ति के बारे में अपनी संतुष्टि दर्ज करनी चाहिए थी। इसके अलावा केजरीवाल की प्रतिनिधि दायित्व की भूमिका के बारे में ईडी ने उल्लेख करते हुए मुद्दा उठाया कि इसकी विशेष रूप से जांच की गई और इसे स्थापित किया गया, लेकिन उक्त मुद्दे को विवादित आदेश में कोई स्थान नहीं मिला।

20 जून को मिल गई थी जमानत20 जून को ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। 21 जून को ईडी ने मुख्यमंत्री को जमानत दिए जाने को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। इस बीच, केंद्रीय जांच एजेंसी ने विवादित आदेश पर रोक लगाने के लिए तत्काल आवेदन दिया। पिछले सप्ताह अवकाशकालीन न्यायमूर्ति जैन ने शुक्रवार को ईडी की याचिका पर सुनवाई की।






# सम्पादकीय....

## लोकसभा का नया सत्र



संजय त्रिपाठी
प्रबंध संपादक
नवयुग समाचार (दैनिक)

संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मयार्दा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है।

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले पर-ीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है।

26 जून विश्व नशीली दवाओं का निषेध दिवस?

# नशीले पदार्थों के उपयोग और व्यापार पर ठोस कारवाही जरूरी?



सुरेश सिंह बैस शाश्वत

मनुष्य नशीले पदार्थों का सेवन कई युगों से करता चला आ रहा है। नशीले पदार्थ हमेशा उसके लिये आनंद की वस्तु रहे है। पर अब जबकि हम इक्कीसवी शताब्दी में हैं ये नशीले पदार्थ आनंद की बजाय बबार्दी के वस्तु बन गये हैं। आज न केवल नशीले पदार्थों के प्रकार बढ़े हैं, बल्कि उनका सेवन करने वालों की संख्या भी बढ़ी है। हमारे ही देश में पिछले कुछ दशकों में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों की संख्या में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। हमारे यहां प्रतिदिन लाखों गैलन शराब पी ली जाती है जिस पर अरबों रुपया खर्च होता है। इसके अलावा लोग भांग, गांजा, चरस, अफीम, तम्बाकू सहित कई प्रकार के नशीले दवाएं सिरप टेबलेट आदि नशीले पदार्थों के सेवन से देश, परिवार और स्वयं के बबार्दी का कारण बन जाते हैं। नशे की प्रवृत्ति से स्वास्थ्य में गिरावट, कार्य कुशलता में कमी और अनेक मानसिक विकृतियां उत्पन्न होने से सारा समाज समस्याग्रस्त है।

कुछ वर्षों पूर्व तक शराब, भ ाांग, गांजा, तम्बाकू, अफीम , चरस ही नशीले पदार्थों के रूप में जाने जाते थे। लेकिन अब नशे की दुनिया में कई दूसरे ही नाम चलन में है। और वे नशीले पदार्थों का प्रभाव कहीं ज्यादा घातक है। नए नशीले पदार्थों में माफीन, हेर ोईन, हशीश, स्नैक,एल. एस. डी., मैण्ड्रेक्स ब्राउन सुगर कई प्रकार के सिरप और टेबलेट आदि नाम काफी प्रचलित हो चुके है। जहां इनकी कीमत बहुत ज्यादा है, वहीं इनका नशा गांजा, भांग, अफीम जैसे पुराने नशीले पदार्थों से कई गुना ज्यादा है।? नशे की ओर आदमी ज्यादातर तीन कारणों से बढ़ता देखा गया है। (1) मनुष्य नशे की और तब बढ़ता है जब वह परेशान व समस्याग्रस्त होता है। नशा आदमी को कुछ क्षणों के लिये वास्तविक जिंदगी की समस्याओं से दूर कल्पना लोक में ले जाता है। आदतन नशा करने वालों में ऐसे लोगों की संख्या सबसे ज्यादा देखने को मिलती है, (2) कई लोग नशे को शौक के रूप में अपनाते देखे गये हैं लेकिन बाद में नशे के गुलाम हो जाते हैं। एक बार नशे का चस्का लग जाने के बाद इससे छुटकारा पाना असंभव नहीं तो बहुत कठिन जरुर है। (3) कुछ मात्रा में लोग सफलता पाने के लिए नशे को अपनाते हैं। हालांकि यह जरूर कुछ अटपटा लगता है. सुनने में, लेकिप अब यह बात बिलकुल स्पष्ट हो गई है कि ओलंपिक सहित दूसरी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पधाओं में खिलाड़ियों द्वारा नशीले पदार्थो का सेवन किया जाता है। परीक्षाओं के समय विद्यार्थीगण भी ऐसी कई घातक दवाओं का घड़ल्ले से इस्तेमाल करते हैं। आज पूरी दुनिया में मुख्यतः नशीले पदार्थों के बाजार के रूप में और उनके उत्पादक देशों के रुप में पाकिस्तान बंगलादेश अफगानिस्तान और मैक्सिको आदि देश बदनाम हो चुके हैं। ये देश इस समय ब्राउन सुगर, हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों के सबसे बड़े उत्पादक हैं। भारत में अब इन नशीले पदार्थों की खपत काफी बढ़ गई है। शराब से राज्यों को होने वाली करोड़ों रुपये की आबकारी आय का ग्र-ाफ लगातार ऊपर की ओर चढ़ रहा है। इसके अलावा अफीम, गांजा, ब्राउन सुगर का उपयोग भी खतरनाक गति से बढ़ा है।? आज देश में शांति और व्यवस्था की काफी बढ़चढ़ कर बातें की जाती हैं तथा योजनायें भी बनाई जाती है। लेकिन इसके मूल कारण को समझने की जरा भी प्रयास नहीं किया जाता। रोग नष्ट करने के लिये उनको जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा, केवल ऊपर से पत्तों को उखाड़ देने से कोई लाभ नहीं होता। नशीले पदार्थों का बढ़ता उपयोग राष्ट्रीय चिंता का विषय है। नशा बंदी के लिये कुछ वर्ष पूर्व बनाई गई कानून की धज्जियाँ उड़ रही हैं। मात्र कानून बना देने से ही इस बुराई का विनाश नहीं किया जा सकता। इसके लिये एक प्रबल जनमत जागृत करने की महती आवश्यकता है। जहां तक नये नशीले पदार्थों का सवाल है ये देश में तस्करी के द्वारा पहुंचते हैं अतः स-रकार को इस पर कठोरता से रोक लगाना चाहिये। और नशे का व्यापार करने वालो के लिये कानून में मौत की सजा का प्रावधान होना चाहिये। हमारे देश में शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर लगे टैक्सों से स-रकार को करोड़ों रुपयों की आय प्रतिवर्ष होती है। अतः सरकारें भी अपने राज्यों में करोड़ों रुपयों के लालच में इस समस्या पर काबू पाने के लिये इमानदार प्रयास नहीं करती अगर देश को नशे के क्रूर पंजों से बचाना है तो करों के रूप में मिलने वाली अपार धनराशि का त्याग करना ही पडेगा। आज जैसे बिहार राज्य ने अपने पूरे राज्य भर में पूर्ण रूप से नशा बंदी लागू की है वह प्रशंसनीय कदम है। इससे बहुत कुछ सकारात्मक प्रभाव भी पड़ा है ।?

नशा करनेसे अपराध पवृत्ति को भी बल मिलता है तथा अनैतिक कार्यों की वृद्धि होती है। अतः सरकार को कठोर नियमों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर नशा आदि पर कड़े प्रतिबंध शीघ्र लगाने चाहिये नशाबंदी केवल एक नारा बनकर न रह जाये।?

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

## मृतक अरबाज के घर जाएंगे सपा सुप्रीमों, सपा ने एसपी को दिया ज्ञापन



नवयुग समाचार संवाददाता

कन्नौज में बिच्छू गैंग के हमले में मारे गए अरबाज के घर सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव जाएंगे। एसपी ऑफिस ज्ञापन देने पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष ने यह जानकारी दी। साथ ही उन्होने बिच्छू गैंग को भाजपा संरक्षित करार दिया। येसपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बिच्छू गैंग को कन्नौज के पूर्व सांसद सहित भाजपा के कई बड़े नेताओं का संरक्षण मिला है। जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कन्नौज एसपी ऑफिस पहुंचे सपा प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में घटित हुई घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाते हुए अरबाज की हत्या में शामिल दोषियों को जल्द गिरफ्तार करके उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाये। साथी ही कहा गया बिच्छू गैंग दिन प्रतिदिन किसी न किसी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देते हैं। इस्-के अलावा सोशल मीडिया के जरिये तमाम अवैध असलाह लहराते हुए फोटो वायरल करते हैं। जिससे आमलोगों में भय व्याप्त होता जा रहा है। इस गैंग को सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं का संरक्षण भी प्राप्त है जिससे इनके हौसले बुलंद हैं अतः इस गैंग को समाप्त करने के लिए इनके खिलाफ पुलिस कठोर कदम उठाये और इनको संरक्षण देकर अपराधिक गतिविधियों के लिए उकसानें वालों को भी चिन्हित कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्यवाही की जाए। जिलाध्यक्ष ने पूर्व सांसद को भी बिच्छू गैंग के संरक्षकों में शामिल किया है।

## ऐसा क्या हुआ कि थाने में तैनात पुलिस ने रिवाल्वर से गोली मार ली

उन्नाव के हसनगंज कोतवाली में तैनात आरक्षी ने स्वयं को मारी गोली, मौत, एसपी पहुंचे




मोहम्मद इरफान खान
नवयुग समाचार

उन्नावः हसनगंज कोतवाली में तैनात आरक्षी ने रिवाल्वर से अपने गोली मार ली। गम्भीर रूप से घायल आ-रक्षी को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती जहाँ उसने दम तोड़ दिया। आरक्षी कोर्ट में पैरोकार था। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच के निर्देश दिये। बुलंदशहर निवासी देवांश तेवतिया पुत्र मेघराज 2019 में आरक्षी के पद पर उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुआ था। वर्तमान में उस्-ाकी तैनाती उन्नाव जनपद के हसनगंज कोतवाली में तैनात था। कोर्ट में पैरोकारी करता था। छह माह पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया था। सूत्रों के अनुसार कई बार अवकाश की मांग की उच्चाधिकारियों ने अवशाश स्वीकृत नहीं किया। जिससे अवसाद में रहता था। स्थानीय साथियो के अनुसार सुबह आठ बजे ड्यूटी पर थाने चला गया था। लगभग दस बजे फोन पर किसी से बात करते तेज आवाज में बात करते हुए रिवाल्वर से अपनी कनपटी में गोली से फायर कर दिया। फायर की आवाज सुन पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो आरक्षी को लहूलुहान देख हसनगंज सीएचसी ले गये जहाँ डॉक्टर ने ट्रामा रेफर कर दिया। जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी है। सूचना पर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा अपर पुलिस अधीक्षक अशोक सिंह और सीओ कोतवाली पहुंच मामले की जानकारी ली और जांच के निर्देश दिया।

## पटाखे का बारुद फटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल

मोहम्मद इरफान खान
नवयुग समाचार



दुकान मालिक गुड्डू विश्वकर्मा से पूछे जाने पर सिलेंडर फटने की बात कही। घटना स्थल पर कही भी सिलेंडर के अवशेष नहीं पाए गई। विस्फोट होने का सही कारण अभी नहीं पता चला पाया है ' जांच के बाद पुष्टि की जाएंगी ''

उन्नावः पुरवा कोतवाली के गांव बिछिया में पटाखे का बारुद फटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को ग्रामीणों द्वारा बाइक से सामूदायिक स्वास्थ केंद्र भेजा गया जहां हालात गंभीर होने से एक को जिला अस्पताल भेजा गया मौके पर पुलिस गहनता से जांच कर रही है' पुरवा कोतवाली के गांव बिछिया में लगभग 7 बजे के आसपास तेज धमाका हुआ जिससे लोगों में दहशत फैल गई मौके पर पता चला कि गुड्डू विश्वकर्मा की वेल्डिंग की दुकान के पीछे बने हाल में तेज धमाका हुआ जिसने बिछिया में बिजली विभाग में तैनात एसएसओ सुनील कुमार पुत्र गंगा प्रसाद निवासी बिछिया दुकान में किसी काम से आया था जो गंभीर रूप से जल गया और दूसरा संजय राज मिस्त्री भी घायल हो गया मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंची ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल से घायलों को बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजो घटनास्थल पर मौके से अधबने अनार पाए गए जिससे मौके पर पहुंचे कोटवाली प्रभारी पुरवा अपनी टीम के साथ जांच कर रहे है '

## कमाकर घर लौट रहे थे तीन युवक, जहरखुरानी गिरोह ने कर दिया कंगाल

नवयुग समाचार संवाददाता

कन्नौजः हरियाणा से घर लौट रहे तीन युवकों को जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बनाया है। तीनों निजी बस पर सवार होकर आज सुबह हरियाणा के पलवल से कन्नौज के लिये निकले थे। सौरिख कट पर तीनों को सड़-क पर फेंक बस चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां तीनों बेहोश युवकों का इलाज जारी है। कन्नौज के सौरिख थाना क्षेत्र के दुर्जनापुर का युवक हरियाणा के पलवल में स्थित निजी फैक्ट्री में नौक-री करता है। उसके साथ ही फैक्ट्री में छिबरामऊ और सदर क्षेत्र के पुरानी पुलिस लाइन कांशीराम कालोनी का युवक भी काम करता था। तीनों घर मे शादी समारोह होने के कारण आज सुबह पलवल से बस पर सवार होकर कन्नौज के लिये निकले। आगरा से बस एक्सप्रेस वे पर आ गयी। इसी बीच बातों में फंसाकर जहरखुरानी गिरोह ने तीनों को अपना निशाना बनाया और बेहोश कर उनका सारा माल ले उड़े। दोपहर को जब बस कंडक्टर ने सौरिख उतरने वाले युवकों को आवाज दी तो सब अपनी सीट पर बेहोश पड़े थे। यह देख वह तीनों को बस से उतार किनारे फेंककर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस को एक युवक के थोड़ा होश में आने पर तीनों के साथ हुई लूट की जानकारी मिली।

## चोरी के माल सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज थाना बिवांर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं. 173/2024 धारा 380/411 ए.च.ब से सम्बन्धित अभियुक्तगण दीपू पुत्र रामेश्वर वर्मा निवासी ग्राम मसगवां थाना बिवांर जनपद हमीरपुर व विनय कुमार पुत्र रामगोपाल वर्मा निवासी ग्राम मसगवां थाना बिवांर जनपद हमीरपुर को चोरी के माल सहित रमना मोड से गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये चालान सम्बन्धित न्यायालय किया गया।

## मंदिर में शादी दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होने के बाद महिला सिपाही ने आरोपी सिपाही के साथ लिए सात फेरे



रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान

उन्नाव।पुलिस वालों ने आज एक बार फिर मंदिर में शादी कराई। लेकिन इस बार द्युवर और कन्या दोनों पुलिस विभाग से ही थे। जिनके बीच काफी लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन प्रेमी के दूरी बनाए जाने पर महिला सिपाही ने दुष्कर्म का मुकदमा लिखवा दिया था। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में महिला सिपाही ने सिपाही के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। जिससे डिपार्टमेंट की छवि धूमिल हो रही थी। जांच भी शुरू हो गई। लोकलाज और नौकरी पर भी खतरा खतरा आ गया था। इसी बीच दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ और आज दोनों की शादी शिवालय में संपन्न हुई। जिसमें बाराती और जनाती दोनों पुलिस वाले बने। महिला सिपाही के परिवार की तरफ से कोई भी शामिल नहीं हुआ। जिससे वह दुखी दिखाई पड़ी। ऐसे में दूसरों की शादी करने वाली पुलिस ने एक बार विभाग के ही प्रेमी युगल की शादी कराई और विवाद का अंत किया। घटना सदर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गोकुल बाबा मंदिर में आज प्रेमी युगल की शादी कराई जा रही थी। जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस वाले भी मौजूद थे। लड़का और लड़की दोनों ही आरक्षी के पद पर कार्यरत हैं। कोतवाली में तैनाती के दौरान दोनों के बीच आंखें चार हुई और इश्क परवान चढ़ा। लेकिन समय के साथ प्यार का भूत उतारने लगा और पुरुष सिपाही ने महिला सिपाही से दूरी बनानी शुरू कर दी। जो महिला सिपाही को स्वीकार नहीं था।

बीते 19 जून को दर्ज कराया था मुकदमा उसने बीते 19 जून को सदर कोतवाली में तहरीर देकर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर दिया। इसके साथ ही अश्लील वीडियो और फोटो भी वायरल करने की धमकी दी। मुकदमा दर्ज होने के बाद विवेचना चल रही थी। इसी बीच दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास शुरू हुआ। जिसमें सफलता मिली। आज गोकुल बाबा मंदिर में पुलिस सहकर्मियों की मौजूदगी में प्रेमी युगल ने सात फेरे लिए। एक दूसरे को जयमाल पहनाया और मांग में सिंदूर भरा। इस शादी से पुलिस विभाग ने भी राहत की सांस ली। लेकिन महिला सिपाही दुखी थी। उसके घर वाले इस शादी में शामिल नहीं हुए।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



हमीरपुर। आज डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार हमीरपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान जुलाई 2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की अध्यक्षता में प्रथम जिला अन्तर विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि यह कार्यक्रम जनपद में 1 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान द्वितीय चरण तथा 10 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक दस्तक अभियान चलाया जाना है। बैठक में इस कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु बीटीएफ का आयोजन प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण( टीओटी) सभी अन्तर विभागों द्वारा समय से चलायी जाने वाली गतिविधियों एवं कार्य दायित्व पर पारम्परिक समन्वय से कार्य करने हेतु अपील की गयी। यूनीसेफ के बीएमसी सरफराज खांन ने विगत चरण अप्रैल 2024 का मांनीटरिंग फीडवैक प्रस्तुत किया। इस अभियान के साथ साथ डैरिया रोको अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने सभी विभागों को समयन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, तथा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जहां पर भी जलभराव होता है। वहां पर आवश्यक रूप से दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। जिससे लार्वा उत्पन्न होने को बाधित किया जा सके तथा साथ ही साथ साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाय। घरों की छतों पर पानी का जमाव न होने पाये तथा कूड़े-कचड़े को भी इधर-उधर न फेंका जायें। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रतिदिन मांनीटरिंग सुनिश्चित की जायें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी, उपजिलाधिकारी (सदर) पवन प्रकाश पाठक, उपजिलाधिकारी (मौदहा) राजेश चन्द्र, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एके सिंह, एमओआईसी, डीएलओ, डीटीओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक मनीष कुमार सिंह द्वारा शोभित आफसेट के-450 इंद्रलोक कॉलोनी, पोस्ट मानसनगर, लखनऊ - 226023 उ.प्र. से मुद्रित कराकर मुकेरिया, महसी, रामगांव, बहराइच से प्रकाशित। आरएनआई/टाइटल कोड-UPHIN49594
संपादक-मनीष कुमार सिंह मो.- +91 9984176988 ई-मेल- navyugsamacharindia@gmail.com उप संपादक-मो. इजहार वारसी, मो. +91 7081640677, प्रबंध संपादक-संजय कुमार त्रिपाठी, मो.- +91 9044973372, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बहराइच, उ.प्र. होगा।

## अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा द्वारा थाना कोतवाली देहात के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई।

नवयुग समाचार

बहराइच अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली देहात के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई तथा लंबित विवेचनाओं के त्वरित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा अनावरण हेतु शेष अभियोगो का शीघ्र अनावरण करते हुए बरामदगी/गिरफ्तारी करने के साथ, थाना क्षेत्र में घटित हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने व थाना क्षेत्र में चार पहिया/दो पहिया वाहन में बिना हेलमेट, तीन सवारी ,बिना नंबर प्लेट ,हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ,लाल नीली बत्ती व प्रेसर हॉर्न आदि का चालान करने को निर्देशित किया गया बैंको की नियमित रूप से चेकिंग करते हुए अपेक्षित कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा में थाने पर 186 विवेचना पेंडिंग पाई गई जिनको तेज गति से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एक्सीडेंट की घटना को ी ऊअफएप पर मौके पर फीडिंग करने के लिए निर्देशित किया गया व क्कक्र की प्रार्थना पत्र को समययुक्त व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया।



## अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड/पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

हमीरपुर। आज अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा मंगलवार की परेड पुलिस लाइन हमीरपुर का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में साप्ताहिक मंगलवार की परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया व अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। शारीरिक व मानसिक रुप से फिट/स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी। यूपी 112 पीआरवी चार पहिया वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरण व अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। क्वार्टर गार्ड में सलामी लेकर शस्त्रागार व स्टोर रुम का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर संगठन द्वारा मां जगतजननी दुर्गा जी की आरती करके वीरांगना के लिए विनम्र श्रद्धांजलि

ब्यूरो चीफ हिमांशु सिंह राजपूत/नवयुग समाचार

तेंदूखेड़ा/ दमोहः ग्राम झलोन में आयोजित हुआ कार्यक्रम वीरांगना महारानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तेंदूखेड़ा के कार्यकर्ताओं द्वारा मां जगत जननी दुर्गा जी की आरती की। आरती के पश्चात दुर्गावती के चरणों में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन समर्पित किया एवं अपने विचार रखते हुए कहा दुर्गावती के जीवन से हमें प्रेरणा लेना चाहिए किस तरह अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया। मुगल बादशाह अकबर की हड़प नीति के चलते हुए सुख शांति समृद्धि से भरपूर गोंडवाना राज्य पर उसकी बुरी नजर पड़ी और उसने एक बड़ी सेना भेज कर गोंडवाना को अपने अधीन कर लिया। अकबर महान नहीं एक हत्यारा ऐय्यास दुष्ट शासक था। चौरागढ़ में गोंडवाना की हजारों वीरांगनाओं को जोहर करना पड़ा। चित्तौड़गढ़ के हमला में 35000 लोगों का कत्ल किया। हजारों महिलाओं को जोहार करना पड़ा। आज समाज को जातिवाद में बांटने की कोशिश की जा रही है। हमारी एकता अखड़ता को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। हमें सावधान रहने की आवश्यकता है जिस तरह रानी दुर्गावती सभी समाज को साथ लेकर अंतिम सांस तक अपनी मातृभूमि के लिए लड़ती रही इस तरह हम सबको मिलकर आज धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा मानवता की सेवा के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।



## डकोर थाना पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल,दो अंधेरे का फायदा उठा कर भागने में रहे सफल

नवयुग समाचार

उरई(जालौन)। पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा के निदेशांनुसार थाना डकोर पुलिस टीम द्वारा हाईवे आदि पर लूट करने वाले 3 शातिर अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को घटना कारित करते समय पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में गिरफ़्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से 3 अदद तमंचा देशी 315 बोर ,3 अदद खोखा 315 बोर व 5 अदद ज़िंदा कारतूस 315 बोर ,2 अदद बाइक बरामद की गई ।

नगर क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी द्वारा पत्रकार वार्ता में बताया गया है कि जनपद में दिनांक 25 जून 2024 को थाना डकोर की टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी । मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग राठ जाने वाले हाईवे पर अवैध असलहों के साथ आने-जाने वाले लोगों के साथ रंगदारी जैसी घटना करने का प्रयास कर रहे हैं । सूचना पर पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा दबिश देकर अभियुक्तों की गिरफ़्तारी का प्रयास किया तो अभियुक्तों द्वारा भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई, जिसमें टीम बाल-बाल बची । आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबावी फायरिंग की गई, जिसमें 2 अभियुक्त गोली लगने से घायल व एक अन्य अभियुक्त गिरफ़्तार किया गया। 2 अन्य अभियुक्त भागने में सफल रहें । अभियुक्तों के पास से अवैध शस्त्र, जिंदा व खोखा कारतूस आदि सामान बरामद हुए हैं । घायल अभियुक्त विवेक पुत्र दिलीप सिंह निवासी ग्राम सिकरौंधा थाना चिकासी जनपद हमीरपुर,वीर सिंह पुत्र सतगुरु निवासी ग्राम सिमिरिया थाना डकोर जनपद जालौन को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया । उक्त पुलिस मुठभेड़ थाना डकोर में पंजीकृत मु0अ0सं0 95/24 धारा 386/323/504/506/34 व मु0अ0सं0 96/2024 धारा 386/323/504/506 भा0द0वि0 संबन्धित अभियुक्तगण हैं । पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों द्वारा पूंछताछ में बताया कि हम लोग जनपद में मौरम परिवहन करने वाले ट्रक/डंपर के चालकों को डरा धमकाकर रूपयों की वसूली करते थे । अभी पूर्व में दिनांक 23/24 जून 2024 की रात्रि में भी हम सभी साथियों द्वारा थाना डकोर क्षेत्रान्तर्गत डंपर चालकों के साथ वसूली हेतु गये थे, जहां डंपर चालकों द्वारा रुपए न देने पर उनके साथ मारपीट की घटना की गयी थी । पुलिस मुठभेड़ में गिरफ़्तार अभियुक्तगण विवेक पुत्र दिलीप सिंह निवासी ग्राम सिकरौंधा थाना चिकासी जनपद हमीरपुर,वीरू सिंह पुत्र सतगुरु निवासी ग्राम सिमिरिया थाना डकोर जनपद जालौन,नरेन्द्र पाल पुत्र शंकर पाल निवासी ग्राम बपरेधा थाना चरखारी जनपद महोबा हैं। सीओ सिटी ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान रात्रि में अंधेरे का फायदा उठा कर भागे वांछित अभियुक्त निखिल पुत्र दीपक दोहरे निवासी सुंदरपुर रिथौरा थाना रेंढ़र जनपद जालौन हाल निवासी लहार भिंड म.प्र, राहुल पुत्र नन्दराम निवासी ग्राम सिमिरिया थाना डकोर जनपद जालौन की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों से माल बरामदगी में 3 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 5 अदद जिंदा व 2 अदद खोखा 315 बोर कारतूस,2 अदद मोटर साइकिलें आदि शामिल हैं। सीओ द्वारा कहा गया है कि अभियुक्तगणों का आपराधिक इतिहास अभियुक्त विवेक पुत्र दिलीप पर मु0अ0स0 608/2023 धारा 147/148/286/307/314/386/427/504/506 भादवि व 3/25/9 आर्म्स एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर, मु0अ0 सं0 95/2024 धारा 386/ 323/504/506/34 भादवि थाना डकोर जनपद जालौन,मु0अ0 सं0 96/2024 धारा 386/323/504/506 भा0द0वि0 थाना डकोर में दर्ज हैं।

अभियुक्त वीरू सिंह पुत्र सतगुरु पर मु0अ0सं0 95/2024 धारा 386/ 323/504/506/34 भादवि थाना डकोर,मु0अ0सं0 96/2024 धारा 386/323/504/506 भा0द0वि0 थाना डकोर में दर्ज हैं। है

अभियुक्त नरेन्द्र पाल पुत्र शंकर पाल पर मु0अ0सं0 95/2024 धारा 386/323/504/506/34 भादवि थाना डकोर,मु0अ0सं0 96/2024 धारा 386/323/504/506 भा0द0वि0 थाना डकोर में दर्ज हैं।



## पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा पुलिस विभाग के पेंशनर्स के साथ मीटिंग की गयी

नवयुग समाचार

बहराइच । आज रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा पुलिस विभाग के पेंशनर्स के साथ मीटिंग की गयी । मीटिंग में वार्ता के दौरान पुलिस पेंशनर कर्मियों की विभिन्न समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनते हुए उनके निराकरण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये । पुलिस पेंशनर्स के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक स्थायी भवन की मांग यथा शीघ्र पूर्ण किए जाने के साथ साथ चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों का भुगतान वरिष्ठता क्रम में किए जाने तथा चलने फिरने में असमर्थ/दिव्यांग पेंशनर्स की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से माननीय न्यायालय में साक्ष्य कराए जाने हेतु दिए गए प्रत्यावेदन पर अपेक्षित कार्यवाही किए जाने हेतु आश्वासन दिया गया । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता में शामिल है । पेंशनर्स की सहूलियत के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें किसी भी तरह की असुविधा न हो । पेंशनर्स अपनी समस्याएं पूर्व से संचालित हो रही वाट्सएप ग्रुप के जरिये भी अवगत करा सकते हैं । पुलिस अधीक्षक ने अपील की कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी अपने अनुभव के जरिये विभाग का सहयोग करें जिससे पुलिस प्रणाली को और सुदृढ़ बनाया जा सके । पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा कि पुलिसकर्मी सिर्फ पद से सेवानिवृत्त होते हैं, समाज के प्रति उनके दायित्व सदैव बने रहते हैं। ऐसे में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी अपने सामाजिक दायित्व के प्रति सदैव तत्पर रहें ।



## ग्राम पंचायत नौरेजपुर की गौशाला दैयनीय स्थिति की कगार पर

### कागजों में गोवंशजों की संख्या 62 मौके पर घटकर दिख रही आधे से कम

नवयुग समाचार

कुठौंद जालौन! विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत नौरेजपुर में मौके पर गौशाला की स्थिति देखते बन रही है जहां पर टीन सेट के ऊपर कोई भी घास फूस की व्यवस्था नहीं की गई ऐसी तपन भरी गर्मी में टीम में गोवंश अपना आशियाना बनाए हैं! भूसा तथा पानी की भी लापरवाही नजर आई मात्र दिखावे के लिए दो-तीन कुंतल भूसा एक त्रिपाल के नीचे पड़ा हुआ हैं! गौशाला के अंदर गौ वंश भंवरे की तरह चक्कर काटते हुए नजर आ रहे थे! यहां पर कोई भी देखरेख करने वाला व्यक्ति नजर नहीं आया भगवान भरोसे गोवंशों को ग्राम प्रधान द्वारा रखा गया है! इस समय मौके पर गौ वंशजों की संख्या 26 27 के लगभग होगी और 62 गो वंशजों का भरण पोषण के लिए भुगतान लिया जा रहा है! ऐसी लापरवाही चलते अधिकारी औचक निरीक्षण के दौरान मौके पर पहुंचे जिसकी सूचना किसी भी व्यक्ति को कानो कान नहीं लगनी चाहिए! तभी मिलेगा गो वंशजों को न्याय नहीं तो ऐसे ही गोवंशों की बनी रहेगी दुर्दशा ! जबकि शासन द्वारा पूर्व की धनराशि से बढ़कर ?50 प्रति गोवंश के हिसाब से दिए जा रहे हैं फिर भी ग्राम प्रधान तथा सचिव द्वारा लापरवाही क्यों की जा रही है! जबकि जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडे के द्वारा लगातार गौशालाओं को सुचार रूप से चलाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठको पर बैठक की जा रही हूं और समाचार पत्रों की माध्यम से बराबर खबर प्रकाशित की जा रही है लेकिन जिलाधिकारी के आदेशों को ताक पर रखकर जिम्मेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं और जमीनी स्तर पर जिलाधिकारी का आदेश बे असर साबित हो रहा है




## डीएम द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकाधिक वर्षा जल का संचयन के लिए कैच दे रैन अभियान की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

नवयुग समाचार

उरई(जालौन)।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर प्रदेश में चल रहा कैच द रेन अभियान की कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के केंद्रीय मध्यवर्तनों में जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन, सभी जल निकायों की गणना, भू- टैगिंग एवं सूची तैयार करना, जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजना बनाना, जनपद में जल शक्ति केंद्रों की स्थापना करना व सघन वनीकरण और जागरूकता सर्जन शामिल है।अभियान इस वर्ष अपने पांचवें चरण में पहुंच चुका है। इसके अंतर्गत पारंपरिक जल निकायों, जलस्रोतों का नवीनीकरण और पुनः उपयोग, बोरवेल पुनर्भरण, वाटरशेड का विकास, गहन वनारोपण, छोटी नदियों के कायाकल्प के साथ ही ह्यनारी शक्ति से जल शक्ति के थीम पर जन जागरुकता कार्यक्रम,जनपद की हाइड्रो जियोलॉजिकल परिस्थिति के अनुसार जल संचयन संबंधी अन्य कार्यों को प्राथमिकता से कराया। इसके अलावा सभी शासकीय, अर्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अमृत सरोवरों के जल प्रभाव में रुकावट को ठीक किया जाए। ह्यकैच द रेन अभियान 2024ह्ल केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसके अंतर्गत मानसून के प्रारंभ से पहले प्राथमिकता के आधार पर जल स्त्रोतों यथा तालाब, कृत्रिम पुनर्भरण संरचना, छोटी नदियां, चेकडैम, जल निकाय के डिसिल्टिंग और पुनरुद्धार के कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे कि वर्षा ऋतु में अधिकाधिक वर्षा जल का संचयन करते हुए जल शक्ति अभियान को सार्थकता प्रदान की जाए।

इस बात के भी निर्देश हैं कि सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों यथा कार्यालय भवन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन आदि पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना सुनिश्चित करा ली जाए। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त पार्क और सार्वजनिक स्थलों में वर्षा जल संचयन के प्रभावी उपाय किये जाएं। इसके अलावा ह्यकैच द रेन 2024ह्ल विषय पर जन जागरुकता के लिए स्कूली बच्चों एवं समाज में विशेष अभियान, रैलियां, गोष्ठियां, वार्ता आदि का भी आयोजन कराया जाए, जिससे जल संरक्षण एक जन आंदोलन का रूप ले सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई एकता त्रिपाठी, कृषि उपनिदेशक एसके उत्तम आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




## तकिया पावर हाउस की तीन गांव की विद्युत आपूर्ति 6 घंटे के बाधित रहेगी

मोहम्मद इरफान खान/नवयुग समाचार

उन्नावः बेहटा मुजावर क्षेत्र के अंतर्गत मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड 33/11 केबीविद्युत उपकेंद्र तकिया फतेहपुर 84 प्रथम विद्युत प्रणाली के शुद्धिकरण की प्रक्रिया पर स्थापित पुराने जर्जर बीसीबी पैनलों को बदलकर नऐ बीसीबी पैनलों की स्थापना का कार्य किया जाएगा जिसके कारण उप केंद्र से पोषित 11 केबी ग्राम गौरिया कलां कुरसठ ग्रामीण उगू की विद्युत आपूर्ति 26.6.2024 को प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:00 तक बंद रहेगी '



# हजरत अली की शान में कलाम पेश किया

अजय सविता
नवयुग समाचार

बिल्हौरः मकनपुर इस्लाम के पैगंबर के भाई हजरत अली की विलायत के ऐलान के मौके पर आबादी में जगह जगह जलसो का प्रबंध किया गया। इसके अतिरिक्त खाने और पानी की सबील भी लगाई गई इमामबारगाह मकनपुर में ईद ए गदीर के नाम से हुज्जातुल इस्लाम मौलाना अजीम रिजवी की अध्यक्षता में महफिल हुई जिसमे दूर दराज से आए शायरो ने हजरत अली की शान में कलाम पेश किया। कार्यक्रम का संचालन मुंताजिर रिजवी ने किया। शायरो में मुख्य रूप से मुजहब जाफरी, अर्सलान हुसैन, मुजक्कीर जाफरी, औसाफ अली, नकी रिजवी आदि ने अपना कलाम पेश किया। अंत में मौलाना अजीम साहब ने बताया की अगर जिंदगी के मकसद को समझना है तो हजरत अली की जिदंगी पर गौर करना होगा इनकी जिंदगी पर अमल करके जीने से हमे वतन परस्ती भाईचारा और मुहब्बत का पैगाम मिलता है महफिल में काशिफ रिजवी, सदफ जाफरी, शरफ रिजवी,राजा, एराज हुसैन अफजल अब्बास आदि मौजूद रहे।



# जीआरएस संघ जिला अध्यक्ष रंजना सिंह ने राष्ट्रीय युवा वाहिनी संगठन की सभी बहनो के साथ चौहान ढाबा में की बैठक

आनंद तिवारी
नवयुग समाचार



कानपुरः राष्ट्रीय युवा वाहिनी संघठन के सभी पदाधिकारियों ने समाज को यह संदेश दिया है कि नारी शक्ति एक थी और एक रहेगी। इस बैठक मे नारी शक्ति को बढ़ाने के लिए कुछ अहम निर्णय भी लिये गये। इस बैठक मे कुछ वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उपासना मिश्रा, शीतल गौतम, अनामिका सिंह, निवेदिता मंडल, पूनम राजपूत, सुनीता, साना, सरिता कमल, बेबी, पूजा वर्मा आदि सभी पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

# विधायक समेत अन्य विरोधियों की सक्रियता से अकबरपुर में सरल नहीं थी भाजपा की जीत

## भाजपा नेताओं ने अर्पित की श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि

सुनील बाजपेई
नवयुग समाचार

कानपुरः यहां पुण्यतिथि पर प्रखर राष्ट्रवादी, जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए उन्हें भाव भीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने कार्यालय में इस कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने उनके राष्ट्र हित को समर्पित कृतित्व व व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला। इसी तरह से क्षत्रिय जागरण मंच और भारतीय प्रधान संगठन के अध्यक्ष एस के सिंह ने भी पुण्यतिथि पर प्रखर राष्ट्रवादी, जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए उन्हें भाव भीनी पुष्पांजलि अर्पित की। चर्चित भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह के आयोजन में जहां विजय प्रताप सिंह, महेन्द्र पांडेय शशीराज सिंह, बी.के.विश्वकर्मा, युवराज सिंह , आकाश , अंकित , नितिन और अरविंद आदि मौजूद रहे ।



वहीं हजारों की सदस्य संख्या वाले भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के अध्यक्ष एस के सिंह द्वारा मुख्यालय हंसपुरम में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता भूपेन्द्र सिंह, राजकुमार तिवारी, महिला नेत्री निशा तिवारी और राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक यह भी अवगत कराते चलें कि अकबरपुर लोकसभा चुनाव में देवेंद्र सिंह भोले की तीसरी बार जीत में अन्य सभी महापुरुषों की तरह आरएसएस के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भी पूर्ण तिथि पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन करने वाले तेज तर्रार और व्यवहार कुशल ऊर्जावान युवा चेहरे के रूप में अपने राजनीतिक जीवन शुरूआत से ही जनसमस्याओं के खिलाफ सफल संघर्ष में अग्रणी हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने के फलस्वरूप हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के मतदाताओं में चुनाव जीतने की हद तक मजबूत पकड़ रखने वाले अकबरपुर से प्रबल दावेदार भी रहे तेजतर्रार और व्यवहार कुशल वरिष्ठ भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह के साथ ही हजारों की सदस्य संख्या वाले भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के अध्यक्ष एस के सिंह की भी सबसे अहम भूमिका रही। सूत्रों को दावा है कि लाखों समर्थक मतदाताओं के रूप में एस के सिंह और जीत प्रताप सिंह के समर्थन का अभाव अकबरपुर में देवेन्द्र सिंह भोले की पराजय का भी कारण बन सकता था। और इसी वजह से तीसरी बार सांसद बने देवेंद्र सिंह भोले ने भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के यूपी अध्यक्ष एस के सिंह और जनता की पहली पसंद होने के चलते अकबरपुर से पहले नंबर के प्रबल दावेदार रहे जीत प्रताप सिंह से भी खुद मिलकर उनका समर्थन मांगा था, जिसके बाद जीत प्रताप सिंह और एस के सिंह ने अकबरपुर में प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले को जिताने के अभियान में सफलता प्राप्त करने के बाद ही चैन की सांस ली। पार्टी सूत्रों का यह भी दावा है कि पार्टी अगर पुराने चेहरों के स्थान पर नये चेहरों को मैदान में उतारती तो जनता की पहली पसंद होने के चलते जीत प्रताप सिंह ही न केवल प्रत्याशी होते बल्कि भारी मतों से भाजपा की जीत का कारण भी बनते। भाजपा से जुड़े सूत्रों का दावा यह भी है कि एस के सिंह और जीत प्रताप सिंह का प्रबल समर्थन टिकट के दावेदार रहे एक भाजपा विधायक द्वारा देवेंद्र सिंह भोले को हराने के हर संभव प्रयास को भी विफल करने के रूप में मुंहतोड़ जवाब देने में भी सफल रहा।

# मुख्यमंत्री जी के शहर में बोस का अपमान कल से शुरू होगा अनशन

## हाईकोर्ट में दाखिल होगी जनहित याचिका, प्रशासन को बनाया जाएगा पार्टी

सुनील पाठक
नवयुग समाचार

बिल्हौरः विश्व का सबसे लंबा तिरंगा समिति के केंद्रीय संयोजक रघुवंश हिंदू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस पैडलेगंज स्थित टूटी हुई प्रतिमा के लिए कल दिनांक 26 जून से क्रमिक अनशन का ऐलान किया है।

लगातार कई महीनो से प्रयास के बावजूद गोरखपुर में पैडलेगंज स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की टूटी हुई प्रतिमा जिसमें चश्मा गायब है और डंडा टूट के लटका हुआ है का रिपेरिंग गोरखपुर प्रशासन की अनदेखी से नहीं हुआ।



देश की आजादी में भारत के प्रथम सिविल सर्विसेज की परीक्षा में चौथी स्थान प्राप्त करने वाले महानायक स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर चश्मा गायब है और डंडा टूट के लटका हुआ है परंतु वही सिविल सर्विसेज के अधिकारी इस पर किसी भी प्रकार की रुचि नहीं दिखा रहे है। दुर्भाग्य है इस समाज का इस समाज के लोगों का भी न्यूनतम ध्यान इस प्रतिमा पर केंद्रित है। कल के अनशन के बाद गोरखपुर जिलाधिकारी, नगर आयुक्त को पार्टी बनाते हुए जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल होगी जिससे फिर कोई शहीदों का अपमान न कर सके ,साथ ही मा मुख्यमंत्री जी से मिलकर इसकी सूचना और प्रशासन के कृत्यों की सूचना दी जाएगी। विश्व का सबसे लंबा तिरंगा समिति जिसने गोरखपुर में 13 किलोमीटर 8 कुंतल वजन का तिरंगा फैलाकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जन्म दिवस 2019 को एक विश्व इतिहास बनाया था तथा सिद्धार्थनगर जिले में 15 किलोमीटर 11 कुंतल का तिरंगा फैलाकर पुणे शहीदों के सम्मान के लिए तिरंगा फैलाकर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया जो विश्व पटल पर स्थापित हुआ। परंतु आज गोरखपुर का दुर्भाग्य है की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा जो माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के शहर में स्थित है , सर्किट हाउस से 500 मीटर दूर डीएम ऑफिस से 700 मीटर दूर कमिश्नर ऑफिस से 400 मीटर दूर नगर आयुक्त के आफिस से भी लगभग पांच सौ मीटर दूरी पर स्थित है उसके बाद भी किसी का ध्यान इधर आ नहीं जा रहा है। क्योंकि रघुवंश हिंदू ने विभिन्न प्रकार से प्रयास करते हुए यह सोचा कि बिना धरना बिना अनशन के ही ऐसे महान व्यक्ति पर प्रशासनिक ध्यान जरूर आकर्षित होगा परंतु ऐसा हो नहीं पाया। अब प्रशासन को 10 दिन की मोहलत देते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की टूटी हुई प्रतिमा के रिपेयरिंग के लिए 26 जून 2024 से क्रमिक अनशन रघुवंश के नेतृत्व में किया जाएगा। जो प्रातः 11:00 से 12:00 बजे तक प्रचंड दोपहरी में होगा इसी क्रम में इसे आगे बढ़ाया जाएगा। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विश्व का सबसे लंबा तिरंगा समिति तथा विश्व रिकॉर्ड होल्डर टीम के संयोजक रघुवंश हिंदू ने दिया।

# बड़े ही धूमधाम से आतिसबाजी के साथ मनाया गया जन्मदिवस



आनन्द तिवारी
नवयुग समाचार

बिल्हौरः क्षत्रिय महासभा के सम्राट, समस्त ठाकुरों की शान कहे जाने वाले, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष मनोज सिंह भदौरिया का जन्मदिन अमेजन डिजिटल केंद्र के संचालक अभिषेक सिंह चौहान गुलशन सिंह चौहान एवं अमेजॉन डिजिटल केंद्र कानपुर की पूरी टीम एवं जीआरएस संघ अध्यक्ष रंजना सिंह के द्वारा शकुंतला लॉन में पहुंचकर पूरी धूमधाम से मनाया गया। लगभग 50 युवाओं ने आतिशबाजी के साथ मनोज भदोरिया को शुभकामनाएं दी।

# प्रदेश में प्रधानमंत्री शहरी आवासीय योजना में जनपद उन्नाव तीसरे स्थान पर

राजेश अग्निहोत्री
नवयुग समाचार

उन्नाव ब्यूरो प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)के अंतर्गत 9 वीं वर्ष गाठ के अवसर पर एक समारोह का आयोजन राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा अनिल कुमार पाठक व अपर निदेशक सूडा आनन्द कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम वर्ष 2015 से 2024 तक के योजना के सफर के बारे में विस्तार से उपस्थित लोगों को बताया गया। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वालो टॉप दस जिलों को पुरुस्कृत किया गया।



जिसमे उन्नाव जनपद को प्रदेश में तृतीय स्थान आने पर पुरुकृत किया गया। पुरस्कार परियोजना अधिकारी डूडा उन्नाव सीएलटीसी इंजीनियर व कार्यदाई संस्था को दिया गया। कार्यक्रम में जनपद उन्नाव के मगर पालिका परिषद उन्नाव के लाभार्थी रूमा यादव द्वारा उपस्थित सभी लोगो के सामने आवास योजना का लाभ कैसे प्राप्त हुआ। आवास मिलने के उपरांत उनके जीवन में क्या परिवर्तन आया यह सभी को बताया। लाभार्थी रूमा यादव व पिंकी को प्रमाण पत्र व उपहार भेट किए गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा अरविंद सिंह, सीएलटीसी इंजीनियर प्रतीक गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर शिवम तिवारी, गौरव कुमार, नवीन चंद्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पहली बारिश में ही तालाब बनी इत्र नगरी गढ्डों के कारण सड़क पर भरा पानी

नवयुग समाचार संवाददाता

कन्नौजः इत्र नगरी कन्नौज में पहली बार हुई हल्की बारिश ने यहां बदहाली की पोल खोल दी है। नगर के मछली बाजार के हाजी शरीफ दरगाह तक सड़क पर जगह जगह पानी भर गया। टूटी फूटी गड्ढेदार सड़क में पानी भरने से आमजन का निकलना दुश्वार हो गया। स्थानीय निवासियों का कहना है की करीब एक साल से सड़क खोदकर डाल दी गयी है, लेकिन बनवाई नही गयी। इत्र नगरी कन्नौज में योगी सरकार की गड्ढा मुक्त सड़कों की रणनीति शुरू से ही पूरी तरह फेल साबित हुई है। यहां पाइप लाइन डालने के सड़क खोदकर जल निगम भूल गया। इसी तरह चोक सीवर लाइनों ने पूरे शहर को नर्क बना रखा है। चोक सीवर लाइनों के कारण





सड़क पर बहने वाले पानी से सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं, लेकिन न तो नगर पालिका प्रशासन ने कोई सुधि ली और न सीवर लाइनों में लाखों का घोटाला करने वाले जल निगम ने चोक सीवर लाइनों को सही करने के लिये कोई कदम उठाया। इसका खामियाजा इस बार बारिश में नगरवासी भुगतने वाले हैं। पहली बार हुई थोड़ी देर की बारिश में इसकी बानगी भी दिख गयी। हाजी शरीफ से शहर तक आने वाले मुख्य मार्ग पर जगह जगह जलभराव और गीली मिट्टी से लोगों का निकलना दुश्वार रहा। देखना होगा बारिश में होने वाली इस समस्या से निपटने के लिये अफसर क्या करते हैं।

# गाली का विरोध करने पर दबंग ने युवक को मारा चाकू,घायल

नवयुग समाचार संवाददाता

चौबेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में गाली दिए जाने का विरोध करने पर दबंग ने युवक के चाकू घोप कर जानलेवा हमला कर दिया। सोमवार को चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम संडीला में एक युवक राजेश पुत्र लक्ष्मी नारायण को गाली देने विरोध करना भारी पड़ गया जिसके कारण दबंग रमा शंकर निवासी सिंगपुर थाना बिठूर ने हत्या करने की मंशा से उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया वही राजेश ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार को शाम 7:30 बजे करीब वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था तभी रमाशंकर गांव रह रही उसकी मौसी के घर अपने एक साथी रमा कुरील जिसके पास बंदूक थी को ले आया था और दोनों ही दारू के नशे में धुत थे जिसके बाद वह मेरे घर के सामने खड़े होकर मुझे भद्दी भद्दी गालियां देने लगा काफी देर में सुनता रहा लेकिन जब काफी देर हो गई तो मेने गाली देने को मना किया जिसके बाद दबंग ने अपनी जेब से चाकू निकाल कर पेट में चाकू घोप दिया जिसके कारण मैं दर्द से चिल्लाने लगा मेरी आवाज सुनकर आस पड़ोसी वहा आ गए जिन्हे आता देख दबंग



अपनी मौसी के घर में घुस कर छुप गया लेकिन ग्रामीणों ने ढूंढ कर पकड़ लिया और मुझे उपचार के लिए अस्पताल ले गए वही दूसरी ओर ग्रामीणों घटना की जानकारी डायल 112 पर पुलिस को दी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनो को अपनी गिरफ्त में लिया है वही थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया की घायल का इलाज कराया जा रहा है और आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# दबोचे गये बिच्छू गैंग के दो और गुर्गे, अरबाज हत्याकांड में थे शामिल

नवयुग समाचार संवाददाता

कन्नौज पुलिस ने अरबाज हत्याकांड में शामिल बिच्छू गैंग के दो और गुर्गो को दबोचा है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने यह गिरफ्तारी की है। एसपी ने बताया कि 13 हमलावर और चिन्हित हुये हैं, उन्हें भी जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा। बिच्छू गैंग पर भी एसपी ने जल्द शिकंजा कसने की बात कही है।

कन्नौज के गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के इंदुईयागंज स्थित स्वीमिंग पूल में नहाने को लेकर हुये विवाद में बिच्छू गैंग ने अकबरपुर निवासी 20 वर्षीय अरबाज को इतनी बुरी तरह पीटा था कि अस्पताल में उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने इस मामले में युवक की मौत के बाद हत्या की धारा बढ़ाकर हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी थी। दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। शेष 15 आरोपियों में दो को पुलिस टीम ने आज दबोचा। गिरफ्तार हुये हत्यारोपियों में बिच्छू गैंग का संजू गुप्ता और संदीप बाथम है। एसपी का कहना है कि जल्द बाकी आरोपी गिरफ्त में होंगे। एसपी ने बिच्छू गैंग पर भी जल्दी शिकंजा कसने की बात कही है।

